हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

प्रैस नोट

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षा मार्च–2020 में संचालित करवाई गई थी इस परीक्षा में जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन सम्बन्धी केस दर्ज किए गए है, कोविड–19 के कारण ऐसे यू0एम0सी0 परीक्षार्थियों को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु बोर्ड मुख्यालय पर बुलाया जाना सम्भव नहीं है। ऐसे नियमित परीक्षार्थियों की विनियम सहित सूची व यू0एम0सी0 प्रोफार्मा स्कूल के मुखिया की ई–मेल पर भेज दिया गया है। सम्बन्धित विद्यालय के मुखिया अपने विद्यालय के यू0एम0सी0 परीक्षार्थियों को अवगत करवाएं कि वे यह प्रोफार्मा भरकर e-mail id asumc@bseh.org.in या बोर्ड Whatsapp no. 8816840349 पर दिनांक 08.07.2020 तक भेजना सुनिश्चित करें तथा नियमित छात्र स्वंय भी बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध यू0एम0सी0 परीक्षार्थियों की सूची देखकर प्रोफार्मा भरकर ई–मेल या व्हाट्सएप्प पर भेज सकते है तथा स्वंयपाठी/मुक्त विद्यालय के परीक्षार्थियों द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध करवाए गए दूरभाष नम्बर पर SMS के माध्यम से सूचना दे दी गई है। यू0एम0सी0 परीक्षार्थियों की सूची व यू0एम0सी0 प्रोफार्मा बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध है। ऐसे सभी परीक्षार्थी बोर्ड वैबसाईट पर उपलब्ध सम्बन्धित यू0एम0सी0 प्रोफार्मा भरकर e-mail id asumc@bseh.org.in या बोर्ड Whatsapp No. 8816840349 पर दिनांक 08.07.2020 तक भेजना सुनिश्चित करें। दिनांक 08.07.2020 तक यदि किसी छात्र से प्रोफार्मा/जवाब प्राप्त नहीं होता है तो उसे अनुपस्थित माना जाएगा और यह समझा जाएगा कि छात्र अपने बचाव में कुछ कहना नहीं चाहते। इस सम्बन्ध में किसी भी जानकारी हेतु हैल्पलाईन नम्बर 01664254604 एवं बोर्ड EPBX No.- 01664-244171-76 Extension No. 371 पर कार्यदिवस में प्रातः 9:00 बजे से 5:00 बजे तक बात कर सकते हैं।

सचिव